Seat No. : _______________

AC-105-H

April-2015

B.A., Sem.-VI

Core : CC-311 : Psychology
(Research methods in Psychology-II)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

(Hindi Version)

1. (a) प्रेक्षण के अर्थ की व्याख्या कीजिए और प्रेक्षण के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए ।

अथवा

(b) सर्वेक्षण क्या है ? किसी सर्वेक्षण की योजना बनाते समय उठने वाली समस्याओं का वर्णन कीजिए ।

2. (a) प्रश्नावली क्या है ? किसी प्रश्नावली में प्रश्नों के विषय पर चर्चा करें ।

अथवा

(b) प्रश्नावली क्या है ? प्रश्नावली में प्रश्नों के शब्द गठन के महत्त्व पर चर्चा करें ।

3. (a) सर्वेक्षण साक्षात्कार का अर्थ और स्वरूप की व्याख्या कीजिए साथ ही सर्वेक्षण साक्षात्कार के विभिन्न प्रकारों पर चर्चा कीजिए ।

अथवा

(b) सर्वेक्षण साक्षात्कार क्या है ? एक साक्षात्कार अधिकारी (साक्षात्कारकर्ता) में वांछनीय व्यक्तिगत गुणों का वर्णन करें ।

4. (a) एक मनोवैज्ञानिक परीक्षण क्या है ? मनोवैज्ञानिक परीक्षण की विभिन्न रीतियों का वर्णन करें ।

अथवा

(b) अनुसंधान प्रतिवेदन में शामिल किये जाने वाले बिन्दुओं की विस्तार से चर्चा करें ।

5. निम्नलिखित कथन सही हैं अथवा गलत लिखिए :

(1) प्रेक्षण एक मानसिक प्रक्रिया है जिसमें उद्दीपन पर ज्ञानेन्द्रियों की अनुक्रिया की वजह से संवेदना उत्पन्न होती है ।

(2) वर्णनात्मक अनुसंधान प्रश्न का वर्णन और विश्लेषण करता है । "यह क्या है ?"

(3) सर्वेक्षण के दो प्रमुख उद्देश्य प्रायोगिक और नैदानिक हैं ।

(4) प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक कैटेल पहला व्यक्ति था जिसने व्यक्तित्व को मापने के प्रयोजन से प्रश्नावली का उपयोग किया ।

(5) सूचना एकत्रित करने का एक आसान और सस्ता तरीका प्रश्नावली विधि है ।

(6) माना जाता है कि प्रथम विश्व युद्ध संकट के दौरान प्रश्नावली विधि का उपयोग पहली बार किया गया ।

(7) मुक्त व खुले जवाब की अपेक्षा वाले प्रश्नों में साक्षात्कार दाता स्वयं अपने शब्दों में जवाब दे सकते हैं ।

(8) एक साक्षात्कार में, साक्षात्कारदाता को प्रशिक्षित किया जाना ही चाहिए ।

(9) साक्षात्कार में साक्षात्कारदाता का सहयोग होना आवश्यक है ।

(10) व्यक्ति का व्यवहार ज्ञात करना और उसका उपचार करना मनोवैज्ञानिक परीक्षण का मुख्य उद्देश्य है ।

(11) परीक्षण की यथार्थता का तात्पर्य प्रक्रिया की एकरूपता और मनोवैज्ञानिक परीक्षण के समंकन से है ।

(12) किसी भी व्यवहार प्रतिदर्श के प्रयोगात्मक मापन की एक विधि मनोवैज्ञानिक परीक्षण है ।

(13) एक शोध रिपोर्ट अनुसंधान के विवरण संबंधी संवाद को संभव बनाती है ।

(14) एक मनोवैज्ञानिक परीक्षण विश्वसनीय और यथार्थ होना चाहिए ।